दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक : 23.01.2026

प्रकाशनार्थ

दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बसंत पंचमी पर सरस्वती पूजन संपन्न

गोरखपुर 23.01.2026। दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचीन इतिहास, पुरातत्त्व एवं संस्कृति विभाग द्वारा बसंत पंचमी के पावन अवसर पर सरस्वती पूजन का आयोजन श्रद्धा एवं विधि–विधान के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह, मुख्य नियंता डॉ. राम प्रसाद यादव, IQAC समन्वयक प्रो. परीक्षित सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में प्राचीन इतिहास विभाग के विभाग प्रभारी धीरज कुमार सिंह के साथ विभाग के शिक्षक डॉ. सुरेंद्र चौहान, डॉ. शिव कुमार, डॉ. कामिनी सिंह उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के अन्य शिक्षक प्रो. नित्यानंद श्रीवास्तव, प्रो. अर्चना सिंह, डॉ. शुभ्रांशु शेखर सिंह, डॉ. पीयूष सिंह, डॉ. अंशुमान सिंह, डॉ. संजीव सिंह ने भी पूजन एवं हवन कार्यक्रम में सहभागिता की।

इस अवसर पर सरस्वती पूजन में प्राचीन इतिहास विषय की छात्रा आयुषी शाही मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि परास्नातक चतुर्थ सेमेस्टर के समस्त विद्यार्थी यजमान मंडल के रूप में सम्मिलित रहे।

आयोजन के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां सरस्वती की विधिवत पूजा–अर्चना की गई। पूरे परिसर में भक्तिमय एवं सांस्कृतिक वातावरण बना रहा। इस अवसर पर प्राचीन इतिहास विषय के समस्त विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए आयोजन को सफल बनाया।

कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ शांतिपूर्ण एवं श्रद्धामय वातावरण में संपन्न हुआ।

(सुनील कुमार सिंह)

सह प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क